4. संस्था के सामान्य प्रशासन संबंधी सभी पत्र व्यवहार करना, सदस्यों को सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना एवं विशिष्ट मामलों पर अध्यक्ष की अनुमति से पत्र व्यवहार करना।

5. अंकलेख प्रतिवेदन बिना विलंब के संचालक मंडल के समक्ष प्रस्तुत करना, प्रतिवेदन में वर्णित त्रुटियों का त्वरित निराकरण करना एवं संचालक मंडल के अनुमोदित कारक एक माह के भीतर उसे अंकलेखक/जिला यूनियन/पंजीयक को प्रस्तुत करना।

6. संस्था के दैनिक कार्य एवं व्यवसाय का प्रबंधन तथा सामान्य संचालन करना एवं पर्यवेक्षण करना।

7. निर्धारित सीमा से अधिक रोकड़ होने पर उसे बैंक में जमा करना।

8. संस्था की राशि वसूली हेतु संचालक मंडल की सहमति से वैधानिक प्रकरण तैयार करना।

9. सम्बंधित जिला यूनियन एवं संघ द्वारा समय-समय पर सौंपे गये समस्त कार्यों का सम्पादन करना।

10. समिति के कार्यकारी प्रशासन का उत्तरदायित्व वहन करना एवं दिन प्रतिदिन का पत्र व्यवहार प्राप्त करना एवं समिति की ओर से उत्तर देना। फड़ से संकलन, परिवहन व भुगतान की जानकारी प्राप्त कर संकलित जानकारी जिला यूनियन को भेजना।

11. समिति की रोकड़ पुस्तक एवं अन्य अभिलेख नियमित रूप से संधारित करना। जैसे ही प्रमाणक पोषक अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं, उनका रोकड़ पुस्तक में लिखना।

12. पोषक अधिकारी के साथ या अन्यथा संकलन काल के दौरान फड़ों पर भ्रमण करना तथा फड़ मुंशियों को तेन्दूपत्ता संकलन के सम्बन्ध में उचित निर्देश देकर फालन सुनिश्चित कराना।

13. संग्राहक परिवार के मुखिया के अतिरिक्त अन्य सदस्यों के लिए तेन्दूपत्ता समूह बीमा योजना तथा संग्राहक परिवार के मुखिया के लिए राजमोहिनी देवी बीमा योजना के अन्तर्गत प्रत्येक संग्राहक के नामांकन प्राप्त कर समिति कार्यालय में रखना।

14. तेन्दूपत्ता संकालन अवधि की समाप्ति के एक माह के भीतर तेन्दूपत्ता संकलन एवं पारिश्रमिक कार्ड रजिस्टर के आधार पर प्राथमिक समिति को संग्राहक परिवारों की फड़वार आयु वर्ग एवं जाति वार पुरूष / महिला संग्राहकों की संख्या का विवरण यथाशीघ्र अन्तिम एवं संपूर्ण तालिका अनुसार भरकर हस्ताक्षरित प्रतिवेदन की एक प्रति पंजीयक कार्यालय तथा द्वितीय प्रति जिला यूनियन कार्यालय में भेजना।

15. प्रत्येक तेंदू पत्ता पुरूष/महिला संग्राहक को प्राथमिक सहकारी समिति का 1 सदस्यता शुल्क तथा 10 एक अंश का शुल्क लेकर समिति का सदस्य बनाया जाएगा। इस प्राप्त राशि की विधिवत रसीद देकर समिति के बचत खाते में जमा करना तथा रोकड़ बहियों में प्रविष्टि करना होगा।

16. प्राथमिक समिति के अध्यक्ष/प्रबंध संचालक, जिला यूनियन/उप प्रबंध संचालक/जिला यूनियन/उप वन मंडलाधिकारी/क्षेत्र अधिकारी/ परिक्षेत्राधिकारी को लघु वनोपज संघ द्वारा सौंपे गए सभी कार्य करने होंगे।

17. फड़ों पर संग्रहित/क्रय किए गए तेंदू पत्तों का फड़ पर परिवहन सुनिश्चित करना तथा क्रेता को इसकी सूचना दो दिनों के भीतर देना होगा।

18. क्रेता के प्रतिनिधि को संधारण पुस्तिका में दर्ज विवरण के आधार पर तेंदू पत्तों का परिवहन सुनिश्चित करना होगा।

19. यदि किसी कारणवश फड़ पर संग्रहित/क्रय किए गए हरित तेंदूपत्ते क्रेता को नहीं दिए जा सकें तो उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी जोगी तथा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगा।

20. फड़ पर क्रेता को परिपक्व पत्तों की बोरों में भरी गड्डियों की सही संख्या सुनिश्चित करना।

पोषक अधिकारियों के कर्तव्ये एवं दायित्व

1. पोषक अधिकारी का कार्य होगा कि संग्राहकों को भुगतान हेतु सूची ऑनलाइन प्रविष्ट कर जिला यूनियन को भेजें। यह सुनिश्चित करेंगे कि भुगतान की राशि संग्राहकों को सही-सही मिले।

2. समिति क्षेत्र के अंतर्गत संग्रहण केंद्रों पर खरीदे गए तेंदूपत्तों का भुगतान फड़ मुंशी/फड़ अधीक्षक से कराना और संग्राहकों के खातों में राशि ऑनलाइन हस्तांतरित करना।

3. विशेष परिस्थितियों में शासन से अनुमति प्राप्त होने पर संग्राहकों के खातों में सीधे जमा की गई राशि का प्रमाणक समिति को भेजना होगा।

4. अधिक में क्रेता नियुक्त न होने पर खाली बोरों को आबंटित किये गये वाहन द्वारा फड़ों पर समय पर पहुँचाना तथा कार्य पूर्ण होने पर अवशेष बोरों को पुनः परिसर मुख्यालय पर वापस पहुँचाना।

5. प्रत्येक संग्रहण केंद्र पर संग्रहण के समय गड्डियों में निर्धारत पत्तों की संख्या होने, गड्डियों के निर्देशानुसार पट्टा लगाई, उनमें बीड़ी बनाने योग्य पत्ते होने, बाबत निरीक्षण एवं नियंत्रण करना। प्रत्येक संग्रहण केंद्र पर संग्रहण के समय गड्डियों में निर्धारित पत्तों की संख्या होने, गड्डियों के निर्देशानुसार पट्टा लगाई, उनमें बीड़ी बनाने योग्य पत्ते होने, बाबत निरीक्षण एवं नियंत्रण करना।

6. अग्रिम में क्रेता नियुक्त न होने पर समय पर उलटाई-पलटाई, डेरी काड़ाई आदि कार्यों पर नियंत्रण रखना ताकि पत्तों की गुणवत्ता बनी रहे।

7. अग्रिम में क्रेता नियुक्त न होने पर सूखे हुए तेंदूपत्तों को ढेरों में आवश्यकतानुसार पानी की सिंचाई के पश्चात समय पर बोरों में भरती पर निर्देशानुसार पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखना।

8. अग्रिम में क्रेता नियक्त न होने पर भरे हुए बोरों को समिति फड़ से या ट्रक/लॉरी प्वाइंट से शीघ्राधिशीघ्र मुख्य गोदान तक परिवहन हेतु समन्वय करना।

9. परिवहन हेतु नियमानुसार परिवहन अनुज्ञां-पत्र एवं अनुज्ञा-पत्रों के साथ भेजे जाने वाले पत्तों के विवरण के चेक का नियोजन।

10. विशेष परिस्थितियों में शासन के अनुमोदन अनुसार यदि संग्राहकों को नगद भुगतान किया जाता है तो ऐसी स्थिति में फड़ों पर भुगतान के समय उपस्थित रहने वाले कर्मचारी/अधिकारियों/ अशासकीय सदस्यों की सहायता से यह सुनिश्चित करना कि संग्राहकों को उनका पारिश्रमिक सही व समय पर प्राप्त हो रहा है।

11. पत्तों की गुणवत्ता तथा उचित सुरक्षा हेतु फड़ मुंशी तथा फड़ अधीक्षक को आवश्यक निर्देश देना।

12. समिति के अंतर्गत आने वाले फड़ों पर संचित तेंदूपत्तों की भर्ती को योग्य बोरों का नियमानुनसार परिवहनकर्ता/अन्य माध्यम के द्वारा ढुलाई पर उचित नियंत्रण।

13. अग्रिम में क्रेता नियुक्त न होने पर आकस्मिक स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था द्वारा तेंदूपत्ता के बोरों की परिवहन व्यवस्था करना।

14. अग्रिम में क्रेता नियुक्त न होने पर यह सुनिश्चित करना कि बोरों के निपटान से ढके तेंदूपत्तों का परिवहन किसी भी दशा में न हो चाहे मौसम सूखा हो या क्यों न हो।

15. फड़ पर भरे हुए बोरों में गाड़ियों की संखया की नमूना जाँच करना।

16. स्थाई गोदाम से भण्डारण की मात्रा के आधार पर फड़ों में संचित मात्रा से कोई तुलना नहीं है, यह जानकारी प्राप्त कर फड़ मुंशी को आवश्यक बोरों, बाली, स्टेपलर तथा आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर फड़ मुंशी कमीशन का भुगतान करना।

17. कर्तव्य में शिथिलता रखने पर अगर अवशेष नगद राशि समय से वापस न करने पर पोषक अधिकारी को छत्तीसगढ़ वर्किंग, अपील एवं नियंत्रण नियम के तहत दंडित भी किया जायेगा।

प्राथमिक क्रम निम्नानुसार रहेगा

1. जिला यूनियन स्थित संघ गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में पहला क्रम।
2. राजधनी/समीपस्थ जिला यूनियन स्थित संघ गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।
3. सर्किल/वृत्ता अंतर्गत संग गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।
4. जिला यूनियन स्थित गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।
5. नजदीक के जिला यूनियन स्थित निजी गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।
6. सर्किल अंतर्गत निजी गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।

7. सर्किल / वृत्ता के बाहर स्थित संघ गोदाम - उपलब्धता की स्थिति में अगला क्रम।

8. वृत्त के बाहर स्थित नजी गोदाम - उपर्युक्तानुसार प्राथमिकता क्रम के अनुसार विभागीतय संग्रहण के तेंदूपत्ता भंडारण हेतु रखे जाएँ।

9. प्रसंस्करण

पत्तों को मानक आकार के बंडलों (प्रत्येक बंडलों में 50 पत्ते) में बाँधा जाता है।

इन बंडलों को हवादार गोदामों में सुरक्षित रखा जाता है।

बिक्री या नीलामी से पूर्व नमी की जाँच की जाती है ताकि गुणवत्ता बनी रहे।

4. गुणवत्ता नियंत्रण का महत्व

- अच्ची तरह सूखे, हरे, लचीले और बिना क्षतिग्रस्त पत्ते अधिक मूल्य प्राप्त करते हैं।
- खराब गुणवत्ता वाले पत्तों को अस्वीकृती या कम दाम मिलता है।
- इसलिए संग्राहकों को वैज्ञानिक संग्रहण एवं भंडारण विधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

Fig. 17. उच्च गुणवत्तावाले पत्ते

Fig. 18. खराब गुणवत्ता वाले पत्ते

5. तेंदूपत्तों का उपचार

- गड्डियों के संग्रहण के चौथे दिन पेट दबाकर पलट देना चाहिए। इसका कारण है कि पत्ता सूखकर फूलता है, जिससे बीच में फंफूद लगने की संभावना होती है तथा नमी और गर्म हवाएँ अंदर प्रवेश करती है। फलस्वरूप पत्ता काला पड़ सकता है और खराब हो सकता है।
- गड्डियों की पलटी के उपरांत गड्डियों को दूसरे से एकदम जुड़ा रहना चाहिए। अन्यथा गड्डी सूखने के बाद हिलने लगती है और हवा से प्लेटों की स्थिति बिगड़ने की संभावना रहती है। तीन दिन और सुखाने के बाद आठवें दिन पत्तों की गड्डी खोलकर उनके ऊपरी व निचले हिस्से की जाँच करनी चाहिए। यदि पत्ता टूट जाए तो समझिए कि सूख गया है। यदि नहीं टूटता है तो एक दिन और धूप देनी चाहिए।
- पत्ता सूखने के बाद दो-दो हजार गड्डियों की छोटी-छोटी डेरी लगानी चाहिए। ऊपर वर्णित अवधि के तत्काल पश्चात गड्डियों को अवश्य डेरी कर देना चाहिए। अन्यथा गड्डियों के केन्द्र पत्तों की धूप से अधिक लाल होने की संभावना रहेगी, जिससे पत्तों की गुणवत्ता बिगड़ने की संभावना बढ़ जाएगी।
- डेरी करने के पश्चात यदि वर्षा हो जाती है तो पुनः डेली की गड्डियों को झटक कर एवं फैला कर सुखाकर पुनः डेरी करना चाहिए, अन्यथा पत्तों में दाग पड़ जाएँगे।

6. सिंचाई एवं वीरा भराई

- बोरों की भराई एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं नाजुक कार्य है, जिसमें तेंदूपत्ता की गुणवत्ता बनाए रखनी के लिए पर्याप्त सावधानी रखने की आवश्यकता होती है। बोरा भरने का कार्य सांयकाल अर्थात सूर्यास्त से 1-2 घंटे पूर्व की अवधि में करना चाहिए। 2-2 हजार के दो से बनी गड्डियों में 20 लीटर के लगभग पानी शाम को छिड़कना चाहिए। पानी छिड़कने के आधे घंटे बाद पत्तों की ढेरी को बदल देना चाहिए ताकि पत्तों में अधिक पानी जमा न हो। तत्पश्चात ढेरी को तुरंत ही झिपला या खाली बोरी से अच्छी तरह ढक देना चाहिए, जिससे वाष्पीकरण न होकर सभी गड्डियाँ मुलायम हो जाती हैं।

- बोरी भरते समय बोरों के पेट कोनों को सुतली से बाँध देना चाहिए और नीचे तक इतना दबाव देना चाहिए कि गड्डियाँ एक परत बन जाएँ। बोरा तैयार हो जाने पर ढेरी पर रखी बारदाना या झिपला का कोना खोलकर देखना चाहिए कि पत्ता नम हुआ है या नहीं। यदि पत्ता नर्म हो गया हो, तो 3 गड्डियों को दूसरी 3 गड्डियों के साथ कसकर जमाना चाहिए। बोरे में लगभग 1 2 5 गड्डियाँ आड़ी-खड़ी दबाकर जमानी चाहिए।
- इस हेतु बोरे के दोनों कोनों की आड़ी गड्डियों दबाकर जमाते हुए बीच की गड्डियाँ डालनी चाहिए। ऊपर-नीचे दबाकर बोरा भरना चाहिए। इस प्रकार एक सतह पूरी होने के बाद उसके ऊपर दूसरी परत जमानी चाहिए और नीचे की सतह के अनुसार गड्डियाँ डालनी चाहिए। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहनी चाहिए जब तक कि बोरा भर न जाए। इस प्रक्रिया से भराई करने पर न केवल बोरों में अधिक गड्डियाँ आएंगी बल्कि बोरे की मजबूती भी बनी रहेगी और वह आसानी से ले जाया जा सकेगा।
- यदि गोदाम पर तुलाई में कम वजन प्राप्त होता है, तो यह पता चल जाएगा कि किस फड़ पर बोरा भराई ठीक नहीं हुी है।
- फड़ मुंशी बोरा भराई की निगरानी मौके पर रहकर करेंगे तथा उसकी जानकारी समय-समय पर संबंधित नोडल अधिकारी को देंगे।

7. बोरा सिलाई

- भरे हुए बोरों की सिलाई से पूर्व बोरा भरती चिट्ठी लिख कर बोरे के अंदर ऐसा रखा जाना चाहिए, जिससे उस पर दर्ज विवरण पढ़ा जा सके। चिट्ठी पर गड्डियों की संख्या, बोरा भरती दिनांक, फड़ मुंशी एवं फड़ अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर होगा। बोरे का मुंह इस प्रकार सिला जाए कि बोरे ढीले न रहें और न ही तेंदूपत्ता सिलाई के ऊपर दबे।
- बोरों में सिलाई दोनों ओर से टांका पहले से की जानी चाहिए, न कि सीधी-सीधी सिंगल सिलाई। बोरों में गड्डी संख्या लिखी जाएगी और दोनों ओर बराबर होनी चाहिए।
- बोरा भराई एवं सिलाई के पश्चात बोरों पर लगे स्टेंसिल पर आवश्यक प्रविष्टियाँ की जाएँ। फड़ पर बोरों को सूखाने हेतु श्वाजकर कर रखना चाहिए। इस स्थिति में दो या तीन दिन तक रहने देना चाहिए जिससे पानी सिंचाई से गड्डियों में आई नमी पूर्णतः सूख जाए। बोरा भरने के

Fig. 19. Bag stitching and labelling

पश्चात यदि वर्षा के कारण बोरों में नमी हो जाए, तो उनकी सिलाई काटकर पुनः सुखाया जाना चाहिए और फिर से सिलाई की जानी चाहिए। गीला बोरा गोदाम में रखने से पत्ता सड़ जाता है।

- नए भरे बोरों पर न बैठें और न सोयें, अन्यथा उनमें भरी गड्डियों का तेंदूपत्ता चटकर खराब हो जाएगा।
- बोरों को सूखने के उपरांत ग्राम में उपलब्ध भवन में शुष्क बोरा लाकर रखें। यदि भवन उपलब्ध नहीं है, तो खप्पर या फूस की झोपड़ी बनाकर सुरक्षित रखें।

8. तेंदूपत्ता परिवहन

- ट्रक के द्वारा पत्तों को मुख्य गोदाम तक पहुँचाया जाएगा। मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक वृत्त कार्यालय द्वारा निविदाकार / नीलाम बुलाकर परिवहनकर्ता नियुक्त किए जाएँगे।
- भरे बोरों का परिवहन फड़ से गाँव क्योंकि गोदाम परिसर में अधिक संख्या में बोरों को रखने हेतु पर्याप्त स्थान का अभाव है।
- यदि बारिश की संभावना न भी हो तो भी बोरों की सुरक्षा हेतु तिरपाल (तारपोलिन) से ढकना परिवहनकर्ता के लिए अनिवार्य है। तिरपाल से ढकने के बाद ही परिवहन अनुज्ञा पत्र जारी किया जाना चाहिए।
- प्रत्येक परिवहन ट्रिप में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक क्रमांक-1 6 में बोरों का विवरण अंकित करने के पश्चात् पूरे ट्रिप के बोरों का फड़वार वास्तविक बोरे एवं मानक बोरे की मात्रा का घोषणापत्र देना आवश्यक है।

अग्रिम में क्रेता नियुक्त होने पर

- क्रेता का यह उत्तरदायित्व होगा कि जिला यूनियन द्वारा क्रेता को प्रदाय किये गये बोरों पर पूर्व से अंकित मार्का को बोरों भरने से पूर्व स्पष्ट काट दिया जाए। यदि परिवहन के दौरान कोई ऐसा बोरा बिना मार्का काटे पाया जाता है तो वह अवैध संधारण एवं परिवहन मानकर योग्य दंडनीय होगा।
- क्रेता को जिला यूनियन द्वारा प्रदत्ता बोरों तथा स्वयं के द्वारा क्रय किये गये बोरों पर संख्यांक अंकित कर, जिला यूनियन का नाम, प्राथमिक समिति का नाम, क्रेता का नाम, फड़ का नाम, फड़ का बोरा क्रमांक तथा गड्डियों की संख्या हरे रंग से स्पष्ट अंकित करना होगा।
- गोदाम में हरे रंग से गोदाम का बोरा क्रमांक स्पष्ट अंकित करना होगा। यदि पिछले वर्ष हरे रंग का उपयोग किया गया हो तो इस वर्ष रंग बदल कर लाल या अन्य रंग का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष रोटेशन में रंग बढ़ला जाएगा।

9. गोदामीकरण

केवल अग्रिम में क्रेता नियुक्त न होने पर गोदामीकरण के समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए

- मुख्य गोदाम पर बोरे पहुँचने पर परिवहन अनुज्ञा अनुसार बोरों की गिनती की जाएगी एवं मिलान किया जाएगा। प्रत्तेक बोरे पर अंकित फड़ का नाम, बोरा क्रमांक एवं गड्डी की संख्या अनुज्ञा पत्र के साथ संलग्न बोरा वार सूची फार्म क्रमांक से मेल खाना है।
- जहां गड्डियों की बेरा वार सूची फार्म क्रमांक 16 में लिखी जानकारी में मिलान हो तो बोरों पर अंकित विवरण भी मिलाया जाएगा तथा इस प्रकार की मिलान वाले बोरों के विवरण का पंचनामा भी गोदाम प्रभारी के द्वारा तैयार किया जाएगा।
- इसकी सूचना गोदाम प्रभारी द्वारा तत्काल मंडल प्रबंधक, जिला यूनियन एवं संबंधित परिसर अधिकारी/पक्षक अधिकारि को मोबाइल फोन से एवं पत्र एवं पत्र द्वारा भेजा जाएगा।

- गोदाम प्रभारी अपने सहायकों के माध्यम से सभी बोरे - खड़े रखने योग्य एवं पेट खोलकर सूटली काटकर बोरों के अंदर हाथ डालकर देखेंगे।
- तेंदूपत्ता महकुर लताओं को यह समझना चाहिए कि पत्ता व्यवस्थित भरती होकर सूखा है तथा यदि गरमाहट लगे तो समझना चाहिए कि पत्ते में नमी है। नम बोरे को और काटकर खुले में सुखाया जाएगा ताकि जब बोरा सूख जाए तब ही पुनः सिलकर गोदाम में दर्ज रखा जाएगा।
- अनेक बार यह जानकारी प्राप्त होती है कि गोदाम प्रभारी बोरों को खोलते नहीं हैं, केवल ऊपर से देखकर सूखा/गीला होने का अनुमान लगाते हैं। यह उनके अनुमानों में बोरा सूखा हो तो बोरे को नहीं काटते हैं, जो कि पूर्णतः अनुचित है।
- गोदाम पर बोरे की बेमानी कटाई करने से मंडल स्तर के उपरांत पत्तों में नमी बनी रहती है।
- गोदाम प्रभारी प्रत्येक ट्रिप के पाँच प्रतिशत बोरों की गड्डियों निकाल कर चेक करायेंगे तथा गिनती का पंचनामा तैयार करेंगे। गिनती में ट्रिप में शामिल प्रत्येक फड़ के बोरे सम्मिलित होना चाहिए। जिन फड़ों पर गिनती के दौरान गड्डियों की संख्या में औसत कमी 10 प्रतिशत से अधिक आती है उन फड़ों के 5 प्रतिशत अतिरिक्त बोरों की गड्डियों की गिनती की जाए। गोदाम प्रभारी 5 प्रतिशत बोरों का वजन भी लेंगे।

Fig. 20. Filling up of Tendu leave in the bags

गड्डियों की संख्या में कमी आने पर इसका पंचनामा तैयार किया जाएगा, तथा इसकी सूचना गोदाम प्रभारी द्वारा तत्काल प्रबंध संचालक, थिला यूनियन एवं संबंधित परिवहन अदिकारी/पोपक अधिकारी को मोबाइल फोन से एवं पत्र द्वारा भेजा जाएगा।

- यदि क्रेता के द्वारा खुला परिवहन लेने पर बोरों में गड्डियों की संख्या में कमी पाई गई, जिसका कि गोदाम प्रभारी द्वारा जांच के समय नहीं पकड़ा गया, तो गोदाम प्रभारी से हानि की आर्थिक राशि वसूल की जाएगी तथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
- समिति से प्रेषित क्षेत्रीय प्रपत्र क्रमांक के बोरों का विवरण तथा गोदाम में वास्तव में प्राप्त बोरों का ट्रिपवार मिलान पत्रक गोदाम प्रभारी द्वारा तैयार किया जाएगा। इसका आधार एवं अंतिम मिलान पत्रक तैयार होगा। ट्रिपवार एवं अंतिम एंट्री मिलान पत्रक पर गोदाम प्रभारी एवं समिति पोपक अधिकारी/प्रबंधक के संयुक्त हस्ताक्षर आवश्यक यह विवरण लाट सूची बनाने हेतु जिला यूनियन कार्यालय में उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।
- तेंदूपत्ता क्रय हेतु गोदाम प्रभारी के द्वारा लाट सूची में केवल उन्हीं बोरों की मात्रा अंकित की जाएगी जिनकी कि वास्तव में गोदाम में गिनती की गई है न कि औसत के आधार पर फड़ से भेजे गए सभी बोरों में क्योंकि क्रेता फड़ द्वारा भेजी गई गड्डियों की गिनती कराने के लिये खुला परिवहन ले सकता है। फड़वारियों से वसूली की गई ट्रिप में भेजी गई मात्रा में उसकी फड़ के गोदाम में गिनती किये गये बोरों में औसत ट्रिपवार कमी के आधार पर पूरे फड़ से भेजी गई फड़ की पूरी मात्रा के लिये की जाएगी।
- गोदामीकरण के समय यह ध्यान रखा जाए कि मण्डल उचित प्रकार से छल्ली लगाकर इस प्रकार से किया जाए कि छल्ली रिसके नहीं। गोदाम के भीतर चारों दीवारों की ओर एवं आपस में छल्लीओं के बीच न्यूनतम दो फीट स्थान छोड़ दिया जाए, ताकि निरीक्षण के समय सुविधा पूर्वक छल्ली के चारों ओर संभावित क्रेता को प्रतिनिधियों तथा निरीक्षण कर्ता आ जा सकें।
- बोरों को पटककर या घसीटकर गोदामीकरण नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे बोरों के फटने एवं तेंदू पत्ता को क्षति होने की संभावना रहती है।

बोरों पर हुक का प्रयोग वर्जित है। यदि किसी कारण से बोर फट जाते हैं व सिलाई खुल जाती है, तो गोदाम प्रभारी पर इसे उसकी सिलाई कर देने चाहिए।

- गोदाम के प्रांगण में या उसके आस पास सफाई पर ध्यान दिया जाए। ज्वलनशील पदार्थ या बेकार के पत्ते एकत्रित नहीं होने पाए अन्यथा उनमें आग लगने पर भीषण दुर्गटना हो सकती है।
- वर्षा ऋतु में गोदाम खोलकर आवश्यक रूप से निरीक्षण कर लिया जाए, कि गोदाम की छत, रोशनदान, या दीवारों से गोदाम के भीतर पानी तो नहीं आ रहा है, अन्यथा भंडारित पत्ता क्षतिग्रस्त हो सकता है।
- तेंदू पत्ता के गोदाम के अंदर बिजली की फिटिंग घानक है, क्योंकि इससे अग्नि दुर्घटना की संभावना हो सकती है। अतः बिजली डिस्कनेक्ट करना आवश्यक होगा। प्रकाश के अभाव में तेंदू पत्ता रखने या निकालने हेतु टॉर्च का प्रयोग करना श्रेष्ठकर है।
- जो तेंदू पत्ता वर्ष के कारण अधिक क्षतिग्रस्त हो जाताहै, उसका भंडारण लॉट के एक तरफ किया जाना चाहिए तथा उस पत्ते को अन्य अच्छे पत्ते के बीच में नहीं रखा जाना चाहिए।
- गोदाम के अंदर भंडारण करने के पूर्व फर्श पर पर्याप्त मात्रा में भूसा डालकर फर्श को समतल कर देना चाहिए ताकि नीचे की नमी पत्तों में न जा सके एवं दूसरे की गर्मी पत्तों को मिल सके।
- गोदामीकरण के विवरण का रजिस्टर गोदाम प्रभारी दो प्रतियों में तैयार करेंगे। इसकी एक प्रति परिक्षेत्र कार्यालय में रहेगी तथा एक प्रति भंडारण एजेंसी को उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके द्वारा परिवहन

Fig. 21. Tendu leaves bags are ready for Action in Warehouse

अनुज्ञा-पत्र जारी करते समय बोरों वार गड्डियों की संख्या लिखने हेतु इसका उपयोग किया जाएगा।

तेंदूपत्ता संग्रहण समाप्ति उपरांत की जाने वाली कार्यवाही

- फड़ मुंसी द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण में संचित समस्त रजिस्टर एवं प्रपत्र और निर्धारित जानकारी संबंधित समिति प्रबंधकों को अनिवार्य रूप से जमा करायेंगे। समिति प्रबंधक उनके अधीनस्थ सभी फड़ों से सभी रिकार्ड अनिवार्य रूप से समिति कार्यालय में साचत करेंगे।
- समिति प्रबंधक संग्रहण समाप्ति उपरांत उनके समिति अंतर्गत जारी किये गये समस्त तेंदूपत्ता कार्ड अनुसार संग्राहकों की जाति अनुसार सूची तैयार करेंगे तथा जानकारी जिला यूनियन को प्रेषित किया जायेगा।
- समिति प्रबंधक उनके समिति अंतर्गत समितियों, फड़वार संग्राहकों की संख्या सम्बन्धी जानकारी तथा प्रति व्यक्ति औसत संकलन तथा प्रति व्यक्ति औसत भुगतान और परिवहन, फड़वार 500 गड्डी से अधिक तोड़ने वाले संग्राहकों की संख्यात्मक जानकारी समितिवार तैयार कर जिला यूनियन को प्रेषित करेंगे।
- समस्त जिला यूनियन उपरोक्तानुसार उनके अदीनस्थ समितियों से जानकारी संकलित कर 15 जुलाई तक जानकारी संघ मुख्यालय को प्रेषित किया जाये।

Chapter 7

Marketing and Trade Mechanism of Tendu Leaves

7.1 Introduction

Tendu leaves are a nationalized forest produce in several Indian states such as Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Maharashtra, and Odisha. The trade of tendu leaves is strictly regulated by the State Forest Departments to ensure fair returns to collectors and to prevent exploitation by middlemen.

7.2 Collection and Primary Sale

- Collectors (mainly tribal and rural communities) gather tendu leaves during the summer season (May–June).
- The leaves are bundled into standard-sized bundles and delivered to Primary Collection Centers (PCCs) set up by the Forest Department.
- Each collector's bundles are weighed and recorded to ensure transparency.

7.3 Role of Forest Department and Federations

- The Forest Department acts as the regulating authority.
- In some states, tendu leaves are traded through State Federations/Cooperatives (e.g., CGMFP Federation in Chhattisgarh, MP Minor Forest Produce Federation in Madhya Pradesh).

- These federations auction tendu leaves to traders and bidi manufacturers.

7.4 Pricing Mechanism

- ach year, the government announces a support price for tendu leaves (per standard bag of 1000 bundles).
- Collectors are paid directly through bank accounts or cash disbursement at PCCs.
- Any profit from auctions (after deducting expenses) is shared with collectors as a bonus.

7.5 Marketing Chain

- Collector → PCC
- PCC → Federation/Forest Department
- Federation → Auction/Trader → Bidi Industry

This structured chain ensures elimination of private middlemen and maximizes benefit to local communities.

7.6 Export and Emerging Opportunities

- Traditionally, tendu leaves are used only for bidi rolling in India.
- However, there is growing international interest in herbal wrapping leaves and eco-friendly packaging material.
- With proper processing and marketing, tendu leaves have potential for export markets.

अध्याय - 7

विपणन एवं व्यापार तंत्र

7.1 परिचय

तेंदूपत्ते कई भारतीय राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा में राष्ट्रीयकृत वन उपज हैं। तेंदू पत्तों का व्यापार राज्य वन विभागों द्वारा कड़ाई से नियंत्रित किया जाता है ताकि संग्रहकर्ताओं को उचित लाभ मिल सके और बिचौलियों द्वारा शोषण को रोका जा सके।

7.2 संग्रहण एवं प्राथमिक बिक्री

- संग्रहकर्ता (मुख्यतः आदिवासी और ग्रामीण समुदाय) गर्मियों के मासम (मई-जून) में तेंदू पत्तों का संग्रह करते हैं।
- पत्तों को मानक आकार के गड्डों में बाँधकर प्राथमिक संग्रहण केंद्रों (PCCs) पर जमा किया जाता है।
- प्रत्येक संग्रहकर्ता के गड्डों का वजन और रिकॉर्ड रखा जाता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

7.3 वन विभाग एवं संघों की भूमिका

- वन विभाग नियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।
- कुछ राज्यों में तेंदूपत्तों का व्यापार राज्य संघों / सहकारी समितियों के माध्यम से होता है (जैसे छत्तीसगढ़ में सीजीएमएफपी संघ, मध्यप्रदेश में लघु वनोपज संघ)।
- ये संघ तेंदू पत्तों की नीलामी करके उन्हें व्यापारियों और बीड़ी निर्माताओं को बेचते हैं।

7.4 मूल्य निर्धारित तंत्र

- हर वर्ष सरकार तेंदू पत्तों के लिए एक समर्थन मूल्य घोषित करती है (1000 गड्डियों के प्रति मानक बोरे पर)।
- संग्रहकर्ताओं को सीधे बैंक खाते के माध्यम से या पीसीसी पर नगद भुगतान किया जाता है।
- नीलामी से होने वाले लाभ (व्यय घटाने के बाद) को संग्रहकर्ताओं के साथ बोनस के रूप में बाँटा जाता है।

7.5 विपणन शृंखला

1. संग्रहकर्ता - पीसीसी
2. पीसीसी - संघ/ वनविभाग
3. संघ - नीलामी / व्यापारी - बीड़ीउद्योग

यह संरचित शृंखला निजी बिचौलियों को समाप्त करती है और स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ पहुँचाती है।

7.6 निर्यात एवं उभरते अवसर

- परंपरागत रूप से तेदू पत्तों का उपयोग भारत में केवल बीड़ी बनानेमें किया जाता है।
- लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर्बल रैपिंग लीव्स और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री में इसकी मांग बढ़ रही है।
- उचित प्रसंस्करण और विपणन के साथ, तेंदू पत्तों में निर्यात बाजर की संभावना है।

Chapter 8

Livelihood Significance & Socio-Economic Impact of Tendu Leaves

Tendu leaves are a vital component of rural livelihoods in India, particularly for forest-dependent communities. In Chhattisgarh, one of India's leading producers, tendu leaf collection directly supports thousands of tribal families. The economic benefits include seasonal earnings, improved household income, and opportunities for women's self-help groups (SHGs) to participate in collection and processing.

Many villagers collaborate through SHGs and cooperatives, enabling them to negotiate better prices and access government schemes. Additionally, these groups have started modest value-addition activities like packaging and simple processing, helping retain more income locally.

Chhattisgarh stands out due to its export-oriented procurement model and strong community participation. In several districts, entire villages organize collective tendu leaf drives, often under the banner of forest committees. Women play a central role—bundling leaves, overseeing grading, and managing local storage units. This involvement has strengthened their economic independence and social status.

Local cooperative federations (e.g., the CGMFP Federation) coordinate procurement, provide necessary training, and ensure timely disbursement of payments. As a result, many small tribal households have seen significant improvements in their financial stability and year-round well-being.

अध्याय - 8

तेंदू पत्तों का आजीविका महत्वे एवं सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

तेंदू पत्ते भारत के ग्रमीण आजीविकाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेष रूप से वन-निर्भर समुदायों के लिए। छत्तीसगढ़, जो देश का प्रमुख उत्पादक है, में तेंदू पत्ता संग्रहण सीधे हजारों आदिवासी परिवारों की आजीविका का आधार है। इसके आर्थिक लाभों में मौसमी आय, घरेलू आय में सुधार और महिलाओं की आत्मनिर्भरता शामिल है-बशर्ते वह स्वयं सहायता समूह (SHGs) के माध्यक से संग्रहण व प्रसंस्करण में कार्य कर रही हों।

बहुत से गाँवों में SHGs और सहकारी समितियाँ मिलकर कार्य करती हैं, जिससे संग्रहकर्ताओं को बेहतर मूल्य मिलते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में असानी होती है। इसके अलावा, इन समूहों ने पैकेजिंग और सरल प्रसंस्करण जैसे स्वरूपों के माध्यम से स्थानीय मूल्य संवर्धन की शुरूआत ही है, जिससे अधिक आय स्थानीय स्तर पर बनी रहती है।

छत्तीसगढ़ अपनी निर्यात-केन्द्रित खरीद मॉडल और व्यापक समुदायिक भागीदारी के कारण अलग पहचाना जाता है। कई जिलों में पूरे गाँव तेंदू पत्ता अभियान संगठित करते हैं, अक्सर वन समिति के नाम से। इनमें महिलाओं की भूमिका केंद्रीय है - पत्ते बांधना, ग्रेडिंग पर नजर रखना और स्थानीय भंडारण केंद्रों का प्रबंधन। इस भागीदारी ने उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक स्थिति दोनों को मजबूत किया है।

स्थानीय सहकारी संघ (जेसे CGMFP संघ) खरीद प्रक्रिया का समन्वयन करता है, आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करता है, और भुगतान समय पर सुनिश्चित करता है। फ़लस्वरूप, कई छोटे आदिवासी परिवारों ने अपनी वित्तीय स्थिति और वर्षभर की अवधि में उल्लेखनीय सुधार देखा है।

Chapter 9

Challenges & Sustainability in Tendu Leaf Sector

The tendu leaf sector, while being economically significant, faces several challenges that affect both collectors and the sustainability of forests. These challenges can broadly be categorized into ecological, economic, and social dimensions.

Key Challenges

1. Overexploitation of Forests

In some areas, excessive and unregulated collection has resulted in damage to tendu bushes and associated biodiversity. Over-stripping of leaves reduces regeneration capacity.

2. Seasonal & Uncertain Income

Tendu leaf collection provides only short-term seasonal income. Many families depend heavily on it but remain economically vulnerable during the off-season.

3. Middlemen Exploitation

Despite state procurement systems, in some regions, collectors face delays in payment or are underpaid due to middlemen intervention.

4. Lack of Value Addition

Most leaves are sold raw without local processing. This limits income opportunities and keeps tribal communities dependent on procurement agencies.

5. Climate & Environmental Risks

Erratic rainfall, forest fires, and rising summer temperatures impact the quality and timing of leaf collection.

Sustainability Pathways

1. Community-Based Forest Management

Strengthening Forest Protection Committees (FPCs) and Self-Help Groups to monitor harvesting practices ensures sustainable collection without harming regeneration.

2. Training & Capacity Building

Educating collectors on scientific plucking methods, grading, and proper bundling improves both quality and income.

3. Value Addition & Local Enterprises

Establishing small-scale units for grading, packaging, and bidi-making at village level enhances employment and reduces dependency on external buyers.

4. Women's Empowerment

Encouraging women's SHGs to lead storage and quality control activities creates inclusive and resilient livelihoods.

5. Policy & Institutional Support

Ensuring timely payment, transparent auctions, and greater cooperative involvement makes the system fairer and sustainable.

अध्याय - 9

तेंदू पत्तों क्षेत्र की चुनौतियाँ एवं सतता

तेंदू पत्ता क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के बावजूद कई चुनौतियों का सामना करता है, जो संग्रहकर्ताओं और वनों की सत ता दोनों को प्रभावत करती हैं। इन चुनौतियों को पारिस्थितिक, आर्थिक एवं सामाजिक आयामों में बाँटा जा सकाता है।

मुख्य चुनौतियाँ

1. वनो का अति-शोषण

कुछ क्षेत्रों में अति-संग्रहण और अव्यवस्थित प्रक्रिया से तेंदू झाड़ियों तथा अन्य जैव विविधता को नुकसान हुआ है। अधिक पत्ते तोड़ने से पुनर्जनन क्षमता घट जाती है।

2. मौसमी एवं अनिश्चित आय

तेंदू पत्ता संग्रहण केवल अल्पकालिक मौसमी आय प्रदान करता है। वई परिवार इस पर निर्भर रहते हैं, परंतु बाकी समय आर्थिक असुरक्षा बनी रहती है।

3. बिचौलियों का शोषण

यहयि राज्य खरीद प्रणाली मौजूद है, कुछ क्षेत्रों में संग्रहकर्ताओं को भुगतान में देरी या कम दाम मिलते हैं।

4. मूल्य संवर्धन की कमी

अधिकांश पत्ते कच्चे ही बेचे जाते हैं। स्थानीय प्रसंस्करण का अभाव होने से आय सीमित रहती है और आदिवासी समुदाय सरकारी एजेंसियों पर निर्भर रहते हैं।

5. **जलवायु एवं पर्यावरणीय जोखिम**

असमय वर्षा, जंगल की आग और बढ़ता तापमान पत्तों की गुणवत्ता एवं संग्रहण की समयसीमा को प्रभावित करते हैं।

सतत मार्ग

1. **समुदाय - आधारित वन प्रबंधक**

वन संरक्षण समितियों (FPCs) और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाकर वैज्ञानिक संग्रहण सुनिश्चित किया जा सकता है।

2. **क्षमता निर्माणी**

वैज्ञानिक तोड़ाई तकनीक, ग्रेडिंग और बंडलिंग का प्रशिक्षण संग्रहकर्ताओं की आय और पत्तों की गुणवत्ता दोनों बढ़ाता है।

3. **मूल्य संवर्धन एवं स्थानीय उद्यय**

गाँव स्तर पर ग्रेडिंग, पैकेजिंग और बीड़ी निर्माण की लघु इकाइयाँ स्थापित कर स्थानीय रोजगार और आय बढ़ाई जा सकती है।

4. **महिला सशक्तिकरण**

महिलाओं के SHGs को भंडारण और गुणवत्ता नियंत्रण में अग्रणी भूमिका देने से आजीविका अधिक समावेशी एवं मजबूत बनती है।

5. **नीतिगत एवं संस्थागत सहयोग**

समय पर भुगतान, पारदर्शी नीलामी और सहकारी संस्थाओं की भागीदारी से प्रणाली को अधिक न्यायसंगत और सतत बनाया जा सकता है।

Appendices - (परिशिष्ठ)

Appendix - I: Tendu Patta Collection Calender
(तेंदूपत्ता संग्रहण कैलेंडर)

Month (माह)	Activity (गतिविधि)	Remarks (टिप्पणी)
March (मार्च)	Preparation of forests, removal of weeds (जंगल की तैयारी, खरपतवार हटाना)	Forest Dept. & Society
April (अप्रैल)	Tender leaves appear (नवीन पत्तियों का आना)	Quality Monitoring begins
May (मई)	Peak collection season (संग्रहण का चरम)	Maximum employment
June (जून)	Decline in leaf quality (पत्तियों की गुणवत्ता में कमी)	End of collection season

Appendix - II: Wage & Payment Structure
(मजदूरी एवं भुगतान संरचना)

Item (वस्तु)	Rate (दर)	Notes (टिप्पणी)
1 Standard Bag = 1000 leaves (एक मानक गड्डी = 1000 पत्ते)	₹ X (state fixed rate)	As per Govt. tender rules
Bonus (बोनस)	20–30% of wage	Paid after season
Welfare Fund (कल्याण कोष)	20–30% of wage	Paid after season

Appendix - III: Role of Cooperaties

- Leaf collection - (पत्तों का संग्रहण)
- Primary storage & drying - (प्राथमिक भंडारण एवं सुखाना)
- Payment to collectors - (संग्रहकर्ताओं को भुगतान)
- Link with State Federation - (राज्य संघ से जुड़ाव)

Appendix - IV: Forest & Ecological Aspects
(वन एवं पारिस्थितिकी पक्ष)

- Tendu (Diospyros melanoxylon) grows in dry deciduous forests.
- Important associate species: sal, mahua, bamboo.
- Provides NTFP (गैर-काष्ठ वन उत्पाद) livelihood to millions.
- Conservation concern: over-plucking, fire, grazing.

Appendix – V: Legal Framework (कानूनी ढाँचा)

- Indian Forest Act, 1927
- Forest Produce (Regulation) Acts (राज्य विशेष अधिनियम)
- PESA Act (1996) – Rights of tribals & gram sabha
- FRA (2006) – Forest Rights Act

Appendix – VI: Sample Tendu Patta Storage Register
(नमूना भंडारण रजिस्टर)

- Date (तारीख)
- Collector Name (संग्रहकर्ता का नाम)
- Bundle Count (गड्डियों की संख्या)
- Verified by (सत्यापित)

Appendix – VII: Glossary of Local Terms
(स्थानीय शब्दावली)

- Phadi (फड़ी) – Primary collection centre
- Bag (गड्डी) – Bundle of 1000 leaves
- Laddoo (लड्डू) – 50 bundles tied together
- Muniya (मुनिया) – Child collector/helper